**परियोजना का नामः–** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत टिहरी गढ़वाल के जौनपुर विकासखण्ड में फुलेथ–क्यारा मोटर मार्ग के कि0मी0 5 (भगद्वारीखाल) से भुत्सी मोटर मार्ग (लम्बाई 7.550 किमी0) का नव निर्माण कार्य।

## प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि

1– प्रस्तावित फुलेथ–क्यारा (भगद्वारीखाल) से भुत्सी मोटर मार्ग जिसकी लम्बाई 7.550 किमी0 है, की स्वीकृति NRRDA से प्राप्त हो चुकी है।

2– समरेखण के किमी0 4.150 पर भुत्सी ग्राम संयोजित होना प्रस्तावित है एवं समरेखण के किमी0 6.500 पर भुत्सी ग्राम पंचायत की काकड़ा नामे तोक का संयोजित होना प्रस्तावित है। मार्ग के अन्तिम छोर किमी0 7.550 के उपरान्त भुत्सी ग्राम पंचायत की खोली, दबियाण, कल्छियाण, गैर, तैलबाड़ी नामें तोक संयोजित होंगी। ग्राम पंचासत भुत्सी की जनसख्या जनगणना 2001 के आधार पर 315 ली गयी थी। जिसके अन्तर्गत उक्त तोकों की जनसंख्या भी सम्मिलित है, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत ग्राम के सम्पूर्ण कलस्टर को जोडा जाना प्रस्तावित होता है।

3– समरेखण के किमी0 4.150 पर भुत्सी ग्राम के संयोजन के उपरान्त मार्ग की लम्बाई 3400 मी0 शेष रहती है। जिसमें से नाप भूमि 1725 मी0, सिविल भूमि 1675 मी0 एवं आरक्षित वन भूमि शून्य है एवं सिविल भूमि में मात्र 02 पेड़ हैं।

4– प्रस्तावित मोटर मार्ग की लम्बाई में यदि 10 प्रतिशत से ज्यादा का परिवर्तन होता है तो उक्त स्थिति में NRRDA के नियमानुसार मार्ग की स्वीकृति को निरस्त कर दिया जायेगा।

अतः महोदय को उक्त बिन्दुओं के कम में अवगत कराना है कि यदि मोटर मार्ग को प्रस्तावित पूर्ण लम्बाई (7.550 किमी0) में नहीं बनाया जाता है तथा यदि NRRDA द्वारा मोटर मार्ग का प्रस्ताव निरस्त किया जाता है तो ग्राम भुत्सी का मोटर मार्ग से संयोजन कभी भी सम्भव नहीं हो पायेगा तथा क्षेत्र का विकास हमेशा के लिये बाधित होगा।

सहायक अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड–2
नई टिहरी

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड–2
नई टिहरी

Scanned by CamScanner

प्रेषक,

तहसीलदार,
धनोल्टी,

प्रेषित,

सहायक अभियन्ता–प्रथम
पी0एम0जी0एस0वाई0 सि0ख0 –2
नई टिहरी ।

संख्या– 71 /रजि0का0–(जांच)–20, दिनांक धनोल्टी मार्च 12, 2020 ।

विषय– जनपद टिहरी गढवाल के ब्लॉक जौनपुर में प्रस्तावित फुलेथ –क्यारा मोटर मार्ग के कि0मी0 5 (मगद्वारीखाल) से भुत्सी मोटर मार्ग के वन भूमि प्रस्ताव हेतु संयुक्त निरीक्षण के सम्बन्ध में।

महोदय

उपरोक्त विषयक संलग्न प्रार्थना पत्र पर राजस्व उप निरीक्षक ल्वार्खा/भुत्सी से विस्तृत जांच आख्या प्राप्त की गयी। राजस्व उप निरीक्षक ल्वार्खा/भुत्सी की जांच आख्या दिनांक 15.02.2020 के अनुसार विस्तृत जांच आख्यानिम्नवतहै। संलग्न पत्रांक सं0– 06/स0अ0–1/पी0–सि0ख0–2/दिनांक 17.02कृ2020 कार्यालय सहायक अभियन्ता महोदय प्रथम पी0एम0जी0एस0वाई0 सि0ख0 –2 नई टिहरी जनपद टिहरी गढवाल के ब्लॉक जौनपुर में प्रस्तावित फुलेथ –क्यारा मोटर मार्ग के कि0मी0 5 (मगद्वारीखाल) से भुत्सी मोटर मार्ग के वन भूमि प्रस्ताव हेतु संयुक्त निरीक्षण के सम्बन्ध में विषयक में मुताबित आदेश श्रीमान जी श्री गौतम नेगी कनिष्ठ अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0 के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया स्थलीय निरीक्षण जांच आख्या निम्नवत है ।

यह कि प्रस्तावित मोटर मार्ग के समरेखण में भुत्सी ग्राम के जुडने के उपरान्त मार्ग के अन्तिम छोर से पहले काकडा नामे तोक पडती है मार्ग के अन्तिम छोर के उपरान्त खोली, दबयाण, कल्हियाण, गैर व तैल्वाडी तोक पडती है, उक्त सभी तोक राजस्व ग्राम भुत्सी की है इन तोको में लगभग 46 परिवार निवास करते है जिनकी जनसंख्या लगभग 140 है, मार्ग ग्राम भुत्सी तक बनाने पर उपरोक्त तोके भविष्य में किसी भी मार्ग से नही जुड पायेगी।

अतः जांच आख्या महोदय की सेवा में प्रेषित।

तहसीलदार
धनोल्टी।

Scanned by CamScanner

सेवा में,

श्रीमान तहसीलदार महोदय
तहसील-धनोल्टी, टि० ग०।

महोदय,

संलग्न पत्रांक सं०-06/स० अ०-1/पी० सिं० ख०-2 दिनांक 17/1/2020 कार्यालय सहायक अभियन्ता महोदय प्रथम पी०एम० जी०एस० वाई० सिं० ख०-2 नई टिहरी "जनपद टिहरी गढ़वाल के ब्लॉक जौनपुर में प्रस्तावित पुजल्ड-थत्यूड़ मोटर मार्ग के कि०मी० 5 (नागद्वारी खाल) से कुरसी मोटर मार्ग के वनभूमि प्रस्ताव हेतु संयुक्त निरीक्षण के सम्बन्ध में" विषयक में मुताबिक आदेश श्रीमान जी श्री गौतम नेगी कनिष्ठ अभियन्ता पी०एम०जी०एस०वाई० के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण जांच आख्या निम्नवत है।

यह कि प्रस्तावित मोटर मार्ग के संरेखण में कुरसी ग्राम के जुड़ने के उपरान्त मार्ग के अन्तिम छोर से पहले मालडामाधे तोक पड़ता है मार्ग के अन्तिम छोर के उपरान्त खोली, दबयाण, कालियाण, गैर व तेलवाड़ी तोक पड़ती है। उक्त सभी तोक राजस्व ग्राम-कुरसी की है। इन तोकों में लगभग 56 परिवार निवास करते हैं जिनकी जनसंख्या लगभग 140 है। मार्ग ग्राम-कुरसी तक बनाने पर उपरान्त तोक भविष्य में किसी भी मार्ग से नहीं जुड़ पायेगी।

अतः स्थलीय निरीक्षण जांच आख्या महोदय की सेवा में प्रेषित।

(हस्ताक्षर)
19/2/2020
रा०उ०नि०
स्वार्का/कुरसी

Scanned by CamScanner